**वारदात** डीजल चोरों के हौसले बुलंद, खुलेआम वारदात को दे रहे अंजाम, पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल

# दिनदहाड़े चालक पर हमला, 200 लीटर डीजल पार

**जमुना कोतमा नवभारत 20 अप्रैल।** अनूपपुर जिले में डीजल चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे खुलेआम सड़कों पर वाहन रोककर वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

ताजा मामला 20 अप्रैल की सुबह लगभग 5:00 से 5:30 बजे के बीच का है, जब विरासिनी पंप और साधा मोड़ के बीच एक सुनियोजित तरीके से लूट की घटना को अंजाम दिया गया। सफेद रंग की कार में सवार 5-6 अज्ञात बदमाशों ने वाहन क्रमांक सीजी 04 पीजे 8654 को जबरन रोक लिया।

### पहले आरोपियों ने वाहन का कांच फोड़ा

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पहले वाहन का कांच फोड़ा, फिर चालक लल्लू राम कोल (निवासी भालूमाड़ा) के साथ बेरहमी से मारपीट की।




विरोध करने पर बदमाशों ने उसे इतना पीटा कि उसके सिर और जांघ में गंभीर चोटें आई। इसके बाद आरोपी लगभग 200 लीटर डीजल लूटकर मौके से फरार हो गए।

### कोयला खाली कर लौट रहा था वाहन

घटना के समय चालक कोयला खाली कर लौट रहा था और वाहन खाली था, जिसका फायदा उठाकर बदमाशों ने उसे निशाना बनाया। इस पूरी वारदात ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है और लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### आखिर अपराधियों को किसका संरक्षण प्राप्त है

प्रश्न यह उठता है कि आखिर इन अपराधियों को किसका संरक्षण प्राप्त है, जो बेखौफ होकर इस तरह की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### वाहन चालक की हालत चिंताजनक

पीड़ित चालक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मामले को लेकर क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस गंभीर घटना पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करती है या फिर यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, 2 घायल ; 1 गंभीर

**स्कूटी का पिछला हिस्सा पूरी तरह हो गया क्षतिग्रस्त कार चालक हो गया फरार**




**कोतमा नवभारत 20 अप्रैल।** कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 43 पर मॉडल स्कूल के सामने एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार दो लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से एक को गंभीर चोटें आई हैं।

घटना रविवार, 19 अप्रैल की रात लगभग 8:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, प्रमोद कुमार जैन और संतोष कुमार जैन अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 65 एमए 1049 से शुक्ला ढाबा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे हारून टाल के आगे मॉडल स्कूल के पास पहुंचे, पीछे से आ रही कार (क्रमांक सीजी 12 बीडी 9141 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी।

### हादसे के बाद कार चालक कुछ देर रुका

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी का पिछला हिस्सा और हेडलाइट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद कार चालक कुछ देर के लिए रुका, लेकिन घायलों के संभलने से पहले ही वह वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

### सड़क की बदहाली भी बनी दुर्घटना का कारण

स्थानीय निवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि सड़क पर दुर्घटना का एक बड़ा कारण पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदा गया गड्ढा भी है। कुछ दिनों पूर्व नल की पाइप बिछाने हेतु रोड को काटा गया था, जिसे ठीक से भरा नहीं गया। इस बड़े गड्ढे के कारण यहाँ आए दिन दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है।

### घायलों का स्वास्थ्य केंद्र में उपजार जारी

हादसे में प्रमोद कुमार जैन को मामूली चोटें आई हैं, जबकि संतोष कुमार जैन के कूल्हे और पैर में गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### इनका कहना है

दुर्घटना की शिकायत प्राप्त हुई है। कार क्रमांक के आधार पर वाहन की तलाश की जा रही है। जल्द ही उक्त कार को जब्त कर चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**थाना प्रभारी, कोतमा**

# 56 लीटर अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मारा था छापा**

**कोतमा नवभारत 20 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में कोतमा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी व देशी शराब एवं अवैध व्यापार में लिप्त आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। रविवार की शाम थाना प्रभारी कोतमा रत्नांबर शुक्ल को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उरतान में एक व्यक्ति अपने घर में काफी मात्रा में शराब रखा हुआ है एवं एक-एक कर गली में लाकर लोगों को बेच रहा है। मुखबिर सूचना से अवगत होकर थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम गठित कर छापामार कार्यवाही की गई।



### घर की तलाशी लेने पर हुआ भंडाफोड़

इस दौरान एक व्यक्ति अपने आंगन से गली में लाकर लोगों को शराब बेच रहा था, जिसने अपना नाम गंगाराम यादव उर्फ गंगू यादव बताया। तलाशी लेने पर उसके घर में कुल 7 खाकी रंग के कार्टून में अलग अलग ब्रांड की अंग्रेजी एवं देशी शराब कुल 56.35 लीटर कीमती 26844 रुपए का होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध शराब जब्त की गई।

### अवैध रेत खनन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिजुरी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बिजुरी पुलिस ने 19 अप्रैल को ग्राम बहैहाटोला स्थित केवई नदी मुक्तिधाम घाट पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 18 एए 6880 रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए पकड़ा। पुलिस ने तत्काल ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया। मामले में चालक भोलाचरण कोडाकू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नर्मदा में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

**अक्षय तृतीया पर अमरकंटक में उमड़ा श्रद्धा का सागर**

**अनूपपुर, नवभारत 20 अप्रैल।** जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नगरी मां नर्मदा की उद्गम स्थल अमरकंटक में सोमवार को तृतीया तृतीया का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर हजारों भक्त श्रद्धालुओं ने पतित-पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा के पवित्र जल में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा विधिवत दर्शन, पूजन और अर्चन कर सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की।

मां नर्मदा उद्गम स्थल स्थित कोटि तीर्थ कुंड, रामघाट के उत्तर एवं दक्षिण तट, आरंडी संगम तथा नर्मदा पुष्कर बांध में प्रात:काल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तजन पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाकर स्वयं को धन्य मानते रहे। नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं, जहां भक्तों ने मां नर्मदा के श्रीचरणों में शीश नवाकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के सुख-शांति एवं मंगल की कामना की।



### भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं में रहा उत्साह

भीषण तपन के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दी। नंगे पांव मंदिर परिसर में घंटों प्रतीक्षारत रहकर भक्तों ने पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ दर्शन किए। सम्पूर्ण क्षेत्र 'नर्मदा माई की जय' के जयघोष से गुंजायमान होता रहा, जिससे वातावरण पूर्णत: भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर पेंड्रा रोड एवं अनूपपुर क्षेत्र से आई धर्मनिष्ठ महिलाओं ने भी विशेष रूप से घट-दान एवं कलश-दान की परंपरा का निर्वहन किया।

## एक नजर में

### अजय सिंह राहुल का पसान दौरा कल



**जमुना कोतमा नवभारत।** मध्यप्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल 22 अप्रैल को अनूपपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे दोपहर 2:20 बजे कोयलांचल नगरी पसान पहुंचकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजू मिश्रा के निवास पर भेंट-मुलाकात करेंगे। इस दौरान जिलेभर के कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे, जिससे कार्यक्रम को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पसान में होने वाली यह बैठक कांग्रेस के लिए शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखी जा रही है। राजनीतिक दृष्टि से यह दौरा खास मायने रखता है, क्योंकि इसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं से संवाद, संगठन को मजबूती और आगामी रणनीति पर चर्चा की संभावना जताई जा रही है।

### प्रो. अवधेश कुमार ने संभाला कार्यवाहक कुलपति का कार्यभार



**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में स्थित ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक में विश्वविद्यालय के वरिष्ठत प्रोफेसर प्रो. अवधेश कुमार शुक्ल ने सोमवार को कार्यवाहक कुलपति का पदभार ग्रहण किया हैं। जो नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक वे इस दायित्व का निर्वहन करेंगे। ज्ञात हो पूर्व प्रभारी कुलपति प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी का गंगाधर मेहर विश्वविधालय संभलपुर उड़ीसा में कुलपति बनाये गये हैं। प्रो. शुक्ल शिक्षा जगत में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं, शोध कार्यों और समर्पित शैक्षणिक योगदान के लिए विख्यात हैं। विश्वविद्यालय परिवार में वे एक सर्वमान्य और लोकप्रिय प्राध्यापक के रूप में जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं शोध कार्यों को नई दिशा मिलने की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है।



### अनूपपुर में हाथियों का उत्पात जारी, 113 दिनों से डेरा


**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में हाथियों की लगातार मौजूदगी अब ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। बीते 113 दिनों से तीन हाथियों का समूह जिले के जंगलों में विचरण कर रहा है, जबकि एक अकेला नर हाथी पिछले 16 दिनों से सक्रिय है। हालात यह हैं कि शाम ढलते ही हाथी जंगल से निकलकर गांवों में पहुंच जाते हैं और घरों व खेतों में भारी नुकसान कर रहे हैं। हाथी दिनभर जंगल में रहने के बाद रात में ग्राम पंचायत कुकुरगोंड़ा, पड़रिया, खांड़ा, बरबसपुर और आसपास के गांवों में पहुंचकर मकानों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। कुकुरगोंड़ा के बेल्हाटोला और सरईहा टोला में कई ग्रामीणों के घरों को नुकसान पहुंचाया गया। पड़रिया के चोई गांव में धान, केला, कटहल सहित कई फसलों को नुकसान हुआ। वन विभाग के चोलना बीट में 40 से अधिक आरसीसी पोल और 100 मीटर से ज्यादा फेंसिंग भी तोड़ दी गई।

# बरतराई खदान में भू-अर्जन सर्वे पर बवाल

**ग्रामसभा की अनुमति बिना सर्वे का आरोप, एसईसीएल को कानूनी नोटिस भेजने की तैयारी**

**जमुना-कोतमा नवभारत 20 अप्रैल।** बरतराई खान अंतर्गत अमाड़ाण्ड-मलगा क्षेत्र में चल रही भू-अर्जन सर्वे कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम पंचायत ने साउथ इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड प्रबंधन के खिलाफ विधिक नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पंचायत का आरोप है कि बिना ग्रामसभा की पूर्व सहमति और भू-स्वामियों को लिखित सूचना दिए सर्वे कराया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। पंचायत के अनुसार, कोयला क्षेत्र अधिग्रहण एवं विकास अधिनियम के तहत अधिग्रहित भूमि पर भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है। वहीं भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम 2013 और मध्यप्रदेश पेसा नियम 2022 के प्रावधानों की




अनदेखी गंभीर उल्लंघन है।

### बिना अनुमति सर्वे प्रतिबंधित है

नियमों के तहत सामाजिक प्रभाव आकलन और ग्रामसभा की सहमति अनिवार्य बताई गई है, जबकि अनुसूचित क्षेत्रों में बिना अनुमति सर्वे या भूमि उपयोग परिवर्तन प्रतिबंधित है। ग्राम पंचायत ने मांग रखी है कि बिना सहमति चल रहे सभी सर्वे कार्य तत्काल बंद किए जाएं, परिसंपत्तियों—जैसे पेड़, मकान, दुकान व अन्य संरचनाओं—का समुचित आकलन कर उचित मुआवजा तय किया जाए तथा पूरी प्रक्रिया ग्रामसभा की उपस्थिति और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो।

कुछ भू-स्वामियों को लाभ पहुंचाने अलग से सर्वे कराया जा रहाकेवल पेड़ों का सर्वे कर मुआवजा तय करने की प्रक्रिया को भी पंचायत ने अमान्य कर दिया है। मामले में यह आरोप भी उभरा है कि कंपनी के एक अधिकारी की मिलीभगत से कुछ भू-स्वामियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अलग से सर्वे कराया जा रहा है, जिससे अन्य लोगों को गुमराह कर अधूरे निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं।

### प्रशासनिक हस्तक्षेप की उम्मीद

पंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि बिना अनुमति सर्वे जारी रहा तो उसे मौके पर रोका जाएगा और इसकी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही गई है। मामले की प्रति जिला कलेक्टर अनूपपुर को भेजी जा रही है, जिससे प्रशासनिक हस्तक्षेप की उम्मीद जताई जा रही है।



# 44 साल पुराना तिपान नदी का पुल हो गया जर्जर

**भारी वाहनों के दबाव से सरिए बाहर आए, मरम्मत का इंतजार**

**अनूपपुर, नवभारत 20 अप्रैल।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाला सीमा पर अनूपपुर जिले के ग्राम पंचायत वेंकटनगर में तिपान नदी पर बना पुल अपनी समय सीमा पूरी कर चुका है, जो जर्जर स्थिति में है।

अनूपपुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण इस पुल पर लाखों भारी वाहनों का दबाव है, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। यह मार्ग केवल सामान्य आवागमन के लिए ही नहीं, बल्कि कोयला खदानों और जैतहरी स्थित मोजरबेयर पावर प्लांट के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिलासपुर और भिलाई से आने वाला लौह अयस्क और कोयला इसी पुल के माध्यम से मध्यप्रदेश के विभिन्पुर शहरो की ओर पहुंचता है।

### रेलिंग और साइड वॉल कई जगह से टूटी

भारी मालवाहक वाहनों के निरंतर आवागमन ने 1980 में बने इस पुल की कमर तोड़ दी है। पुल की ऊपरी सतह पूरी तरह उखड़ चुका है और कंक्रीट के बीच से लोहे के सरिए बाहर निकल आए हैं। रेलिंग और साइड वॉल कई जगह से टूट चुकी है।

### जल्द शुरू होगा काम : लोरिया

मामले की गंभीरता को देखते हुए लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री पीके लोरिया ने बताया कि सेतु निगम को मौके पर पुल और सड़क की स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि एक-दो दिनों के भीतर मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### हल्का पेंचवर्क कुछ ही दिनों में उखड़ जाता है

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग हर बार केवल हल्का पेंचवर्क कर औपचारिकता पूरी कर देता है, जो भारी वाहनों के दबाव में कुछ ही दिनों में उखड़ जाता है। यह मार्ग बिलासपुर-कटनी जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक कॉरिडोर का हिस्सा है, फिर भी प्रशासन इसकी अनदेखी कर रहा है।

**जन्मोत्सव** ब्राह्मण समाज के लोगों ने सहभागिता कर एकजुटता और आस्था का परिचय दिया, भंडारे का किया गया आयोजन

# जिले में मनाया गया भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव, निकाली गई शोभायात्रा

**अनूपपुर, नवभारत 20 अप्रैल।** जिले में ऋषि संस्कृति के प्रखर प्रकाश पुंज भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव अक्षय तृतीया सोमवार को पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ जिला मुख्यालय अनूपपुर सहित जिले के जैतहरी, चचाई, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक, बिजुरी, कोतमा, राजनगर, संजय नगर,भालूमांडा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने श्रध्दा और उल्लास से मनाया।

जिला मुख्यालय में दो अलग-अलग स्थाानों में भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव मनाया गया। बुढीमाई मंदिर पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 13 में भगवान परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना कर युवा ब्राह्मणों द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जो अमरकंटक तिराहा से सामतपुर मंदिर, मुख्य बाजार, चेतना नगर होते हुए तिपान नदी स्थित शिव मंदिर में समाप्त हुई।



### वैदिक पूजन अर्चन के बाद सुन्दर काण्ड आयोजित

भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव ब्राह्मण समाज द्वारा मनाया गया। विप्र समाज द्वारा भगवान श्रीपरशुराम का जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रों द्वारा पूरे रीती रिवाज से अपरान्ह वैदिक पूजन अर्चन के बाद सुन्दर काण्ड का सस्वर पाठ एवं सायं से भण्डारा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में रूप से पंडित विद्याधर शुक्ला, पं. रोहिणी त्रिपाठी, पंडित सुरेंद्र शुक्ला, पं. रोहिणी प्रसाद तिवारी, पं. शेषनारायण शुक्ला, रामसजीवन गौतम, पं. सत्येंद्र दुबे, पं. विजय शुक्ला, पं. महेश प्रसाद तिवारी, पं. राजेंद्र द्विवेदी, पं. दुर्गा प्रसाद तिवारी, पं. विजय मिश्रा, पं. मयंक त्रिपाठी, पं. विद्याधर पांडे, पं. श्याम नारायण शुक्ला, पं. द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

### अमरकंटक में मनाया गया प्रकटोत्सव

अमरकंटक में वैशाख शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव धूमधाम के साथ पूजा अर्चन कर मनाया गया। साथ ही ब्राह्मणों द्वारा भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाल कर नगर भ्रमण कर वापस मुख्य मार्ग होते हुए मंदिर पहुंच समाप्त किया गया। इस दौरान महंत रामभूषण दास महाराज शांतिकुटी आश्रम, पं. योगेश दुबे मृत्युंजय आश्रम, रामनरेश शास्त्री मार्कंडेय आश्रम, पं. उत्तम द्विवेदी, पं. नंदन द्विवेदी, पं. कान्हा द्विवेदी सहित सैकड़ों विप्रजन उपस्थित रहे।



### जैतहरी के परशुराम चौक में गूंजा जय जय परशुराम

जैतहरी नगर में भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर परशुराम चौक में विप्र समाज द्वारा गरिमामय कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने सहभागिता कर समाज की एकजुटता और आस्था का अद्वितीय परिचय दिया। इस दौरान परशुराम चौक में स्थायी शेड का निर्माण कराया जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का समापन भगवान परशुराम के पूजन, अर्चन, वंदन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ।